Std. V .HINDI LITERATURE.(L.8 साहस )

भावार्थ:--

परिश्रम के द्वारा ही हम अपनी मंज़िल को पा सकते हैं। अगर हमें तारे की तरह चमकना हैं, ऊँचाइयों को छूना है तो कष्ट सहने की भी हिम्मत रखनी होगी।

यह सच है कि ऊँचाइयों पर चढ़ना और जीवन में आगे बढ़ना बहुत कठिन होता है पर हमें कभी भी हार नहीं माननी चाहिए।

पक्के इरादे वाले लोग ही कठिनाइयों व मुश्किलों का सामना कर ,आगे बढ़ते जाते हैं।

यदि हमें नदी की तरह लगातार अग्रसर रहना है तो हमें आलस्य व लापरवाही को त्यागना होगा तथा जीवन में कभी-कभी हार का सामना करने की भी हिम्मत रखनी होगी।

अर्थात् परिश्रम व साहस के द्वारा ही हम जीवन में हर ऊँचाई को प्राप्त कर सकते हैं।

QN 1. मंज़िल पाने के लिए हमें क्या करना होगा?

उत्तर:-मंज़िल पाने के लिए हमें हिम्मत के साथ कठिनाइयों का सामना करते हुए लगातार प्रयास करना होगा।

Qn.2. तूफ़ानों से कौन टकरा सकता है?

उत्तर:-पक्के इरादे वाले लोग कठिन स्थिति में भी हिम्मत से काम लेते हैं तथा कभी हार नहीं मानते,ऐसे लोग ही तूफ़ानों से टकरा सकते हैं।

Qn.3.आलसी लोग जीवन में क्यों पिछड़ जाते हैं?

उत्तर:-आलसी लोग अपने कार्यों को समय पर नहीं करते हैं। वे अपने हर काम को बहाने बनाकर लगातार टालते रहते हैं।अतः ऐसे लोग आलस्य के कारण जीवन में पिछड़ जाते हैं।

Qn 4. तारा कौन बन सकता है?

उत्तर:सिर्फ़ वही व्यक्ति तारा बन सकता है, जिसमें कष्ट सहने व परिश्रम करने की हिम्मत होती है।

Qn.5 . मंज़िल पाने के लिए क्या छोड़ना पड़ सकता है?

उत्तर:-मंजिल पाने के लिए हमें आलस्य व लापरवाही को छोड़ना पड़ सकता है।

Qn 6. आगे बढ़ने वाले हर ऊँचाई को कैसे प्राप्त करते हैं?

उत्तर:-आगे बढ़ने वाले व्यक्ति की नज़र सिर्फ़ और सिर्फ़ अपनी मंज़िल पर होती है।मंज़िल पाने की राह में आने वाली हर मुश्किल से वह लड़ता है तथा अपनी हिम्मत से मुश्किलों को दूर करता है व हर ऊँचाइयों पर विजय प्राप्त करता है।

Qn.6. इस कविता का मुख्य भाव अपने शब्दों में लिखें।

उत्तर:- सफलता पाने के रास्ते में बहुत मुश्किलें आती हैं पर हमें हिम्मत व साहस के साथ मुश्किलों को दूरकर आगे बढ़ते रहना चाहिए तभी हम सफलता के शिखर पर पहुँच सकते हैं।

भाषा संसार:-

Qn:-लिंग भेद लिखें:-

तूफ़ान-----पुल्लिंग

इच्छा------स्त्रीलिंग

साहस-----पुल्लिंग

मुश्किल---स्त्रीलिंग

बेहोशी----स्त्रीलिंग

दरिया-----पुल्लिंग

पर्वत------पुल्लिंग

जीवन-----पुल्लिंग

Qn.समान अर्थ वाले शब्द लिखें:-

काफ़ी-------बहुत ज़्यादा

मुश्किल-----कठिन

ज़िन्दगी-----जीवन

जगत-------दुनिया

पहाड़-------पर्वत

दरिया-------नदी

साहस------हिम्मत

ध्येय--------मंज़िल